हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार 14 सितंबर 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

2 वन विभाग हर साल जंगलों में लगा रहा लाखों पौधे, नहीं सुधर रही वनों की सेहत



## खबर संक्षेप

### उद्योग बैंकर्स संवाद कार्यशाला आज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इकाइयों, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों तथा कारीगरों को सशक्त बनाने और उन्हें बैंक ऋण, सरकारी योजनाओं एवं वित्तीय सहायता से जोड़ने के उद्देश्य से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा उद्योग-बैंकर्स संवाद कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह एक दिवसीय कार्यशाला आगामी 14 सितंबर को दोपहर 3 बजे विमल श्री टाकीज मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होगी। इस विशेष कार्यक्रम में विभिन्न बैंकों द्वारा ऋण योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। एमएसएमई इकाइयों और शाखाओं से संबंधित वित्तीय समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया जाएगा तथा क्रेडिट लिंक्ड योजनाओं जैसे सीजीटीएमएसई और पीएमईजीपी के बारे में विस्तार से बताया जाएगा।

### चैंपियन ट्रॉफी के लिए टीमों का पंजीयन कल से

**अनूपपुर।** जिले के विधानसभा पुष्पराजगढ़ में विंध्य क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन नर्मदांचल वीर युवा संगठन पुष्पराजगढ़ द्वारा किया जा रहा है। विदित हो कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमगवां में देश कोने-कोने से फुटबॉल खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में सम्मिलित होते हैं और यह फुटबॉल टूर्नामेंट निरंतर पिछले कई वर्षों से चल रहा है। इस टूर्नामेंट का आयोजन अनूपपुर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं फुटबॉल खिलाड़ी हीरा सिंह श्याम एवं मित्र मंडली द्वारा किया जा रहा है। इस फुटबाल टूनार्मेंट में सम्मिलित होने के लिए टीमों का पंजीयन 15 से 30 सितंबर तक होगा। जो भी टीम हिस्सा लेना चाहती है, वह अपना पंजीयन करवा सकते हैं। टूनार्मेंट में फाइनल मुकाबला जीतने वाली टीम को प्रथम विजेता के रूप में पुरस्कार की राशि 51 हजार रूपए एवं द्वितीय विजेता टीम को 25 हजार रूपए निर्धारित की गई है।

### जिलेभर में कल से शुरू होंगी तिमाही की परीक्षाएं

# पुस्तक वितरण में देरीः विद्यार्थी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार सितंबर माह में तिमाही परीक्षा का आयोजन होना है, लेकिन जिले के कई संकुलों में अब तक कुछ कक्षाओं की पूरी किताबें वितरित नहीं हो पाई हैं। इस वजह से परीक्षार्थी उलझन में हैं।

छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम की लेटलतीफी से शैक्षणिक सत्र शुरू होने के करीब तीन माह बाद भी विद्यार्थियों को सभी विषयों की किताबें उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। अभिभावकों ने भी इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि समय पर पुस्तकें उपलब्ध नहीं कराई गइं, तो परीक्षा केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगी। कोरिया जिले के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में तिमाही परीक्षा 2025-26 संपन्न कराने के लिए समय-सारणी जारी कर दी गई है। इन विद्यालयों की परीक्षा अगले सप्ताह से शुरू होगी। मिली जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक कक्षाओं की तिमाही परीक्षा 15 से शुरू होकर 20 सितंबर तक संपादित होगी। प्राथमिक स्तर की कक्षाओं की परीक्षा निर्धारित तिथि को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक चलेगी, वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय की परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगी। जानकारी के अनुसार प्राथमिक कक्षाओं की परीक्षा 15 सितंबर से शुरू होकर 18 सितंबर को समाप्त हो जाएगी, वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय की तिमाही परीक्षा 15 सितंबर से शुरू होकर 20 सितंबर तक संचालित होगी।


फाइल फोटो

### अभी तक पूरी किताब ही नहीं मिली

शैक्षणिक कैलेंडर के हिसाब से सितंबर माह में तिमाही परीक्षा का आयोजन किया जाना है, लेकिन इस वर्ष अब तक जिले के कई संकुलों में कुछ कक्षाओं के पूरी किताब का वितरण ही नहीं हो पाया है, ऐसे में परीक्षार्थी परेशान हैं कि जब संबंधित विषय को पढ़ा ही नहीं तो फिर परीक्षा कैसे देंगे। छग पाठ्य पुस्तक निगम की लापरवाही के कारण शैक्षणिक सत्र शुरू होने के लगभग तीन माह में कुछ कक्षाओं के लिए पूरी किताब उपलब्ध नहीं करा पाया है, इसका सीधा असर संबंधित विषय की पढ़ाई पर पड़ रहा है। जिन कक्षाओं में अब तक कुछ किताबे नहीं मिली उसकी पढ़ाई भी नहीं हुई है और बच्चों को सभी विषय की परीक्षा देनी होगी।

# यात्रियों से तय किराया ही लें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- एएसपी ने ली ऑटो चालकों की बैठक

शनिवार को रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर के कॉन्फ्रेंस हाल में जिला मुख्यालय एवं आसपास संचालित ऑटो चालकों की बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देश पर बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने की।

श्री पटेल ने ऑटो चालकों से कहा कि वे यात्रियों के साथ सौम्य व्यवहार रखें, किराया निर्धारित दर पर ही वसूलें और नशे की हालत में वाहन न चलाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि उल्लंघन करने वालों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई के साथ एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने क्षमता से अधिक सवारी बैठाने से भी मना किया। उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर ने कहा कि सभी चालक यातायात नियमों का पालन करें, तेज गति व मोबाइल फोन पर बातचीत करते हुए वाहन न चलाएं। उन्होंने हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट पर वाहन नंबर अंकित कराने को अनिवार्य बताया और पार्किंग स्थल की मांग पर नगर पालिका व प्रशासन से शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। यातायात प्रभारी बीरबल राजवाड़े ने अपील की कि चालक सड़क पर कहीं भी वाहन खड़ा कर जाम की स्थिति न उत्पन्न करें। साथ ही लोहे की सरिया, पाइप, सीमेंट सीट जैसे सामान का परिवहन ऑटो में न करें। वाहन के सभी कागजात साथ रखें और वाहन पर चालक का नाम व मोबाइल नंबर अंकित करें।



बैठक के दौरान यातायात विभाग के हवलदार डॉ. महेश मिश्रा ने यातायात नियम, संकेत व गुड सेमेरिटन कानून की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दुर्घटना पीड़ित की मदद करना सभी का दायित्व है। इस बैठक में पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के साथ 100 से अधिक ऑटो चालक उपस्थित रहे।

# कारों के शीशे तोड़ते दो युवक सीसीटीवी में कैद

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय में बुधवार-गुरूवार दरमियानी रात को हुई कारों के शीशे तोड़ने की घटना का खुलासा सीसीटीवी फुटेज से हुआ है। शंकर मंदिर से बस्ती रोड पर खड़ी कारों के शीशे तोड़े गए थे।

मुकेश कुमार सरार्टी ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। उनकी सेलेरियो कार एमपी 18 सी 6158 का अगला कांच तोड़ दिया गया था, वहीं मनीष कुमार द्विवेदी की इंडिको कार एमपी 04 सीएल 2472 का भी शीशा क्षतिग्रस्त किया गया है, इसके अलावा दो अन्य कारों के भी शीशे तोड़े गए हैं। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के करीब 50 घरों और दुकानों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में दो अज्ञात युवक बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर दिखाई दिए। उन्होंने रात 2 बजे सड़क किनारे पड़े पत्थरों से कारों के शीशे तोड़े। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# दोपहर के बाद शहर में आधे घंटे तक झमाझम बारिश

- धान के फसल के लिए पानी पर्याप्त

**बैकुण्ठपुर।** विदाई के करीब पहुंचने के बाद भी कोरिया जिले में मानसून की सक्रियता अच्छी बनी हुई है, इसके चलते शनिवार को जिले के कई स्थान पर बारिश हुई।

इस दिन जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में भी दोपहर के समय करीब आधे घंटे की जमकर झमाझम बारिश हुई। इसी दिन सुबह के समय सोनहत के कई क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई थी। दोपहर के समय में भी जिले के कई स्थानों पर जमकर बारिश हुई। कुछ जगहों पर तेज मोटी बूंद की बारिश हुई तो किसी क्षेत्र में हल्की बारिश। मौसम विभाग के अनुसार दो-तीन दिन बारिश के आसार बने हुए हैं, इसके बाद बारिश विदाई की ओर बढ़ने लगेंगी। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष मानसून की सक्रियता होने के साथ ही अच्छी बारिश होती रही। आश्विन माह के पहले दिन भी जिला मुख्यालय सहित जिले के कई क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई थी।



इस वर्ष अच्छी बारिश के कारण छोटे-बडे बांध लबालब हो गए हैं। अच्छी बारिश के कारण इस वर्ष खेतों में पानी की कमी की स्थिति नहीं बनी। जिले के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त बारिश के कारण इस वर्ष खेतों में पानी की कमी न होने के कारण दरार भी देखने को नहीं मिली, इसे लेकर किसान खुश है और इस वर्ष अच्छी बारिश के कारण जिलेभर में धान की फसल लहलहा रही है।

### अब ज्यादा बारिश की जरूरत नहीं

जानकारी के अनुसार वर्तमान में धान फसलों में बालियां फूटना शुरू हो गई है, ऐसे समय में अधिक बारिश की जरूरत नहीं है। खासकर मोटे तेज बूंद की बारिश की जरूरत नहीं हैं, क्योंकि फूट रही धान की बालियों के फूलों को नुकसान पहुंच सकता है। किसानों के अनुसार वर्तमान में अब बारिश की जरूरत नहीं है, खेतों में पर्याप्त पानी है, तेज बारिश निकल रही बालियों को नुकसान पहुंचा सकता है।



## खबर संक्षेप

### युक्तियुक्तकरण से अब शिक्षक विहीन स्कूल नहीं

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने राष्टीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुरूप शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की विस्तृत प्रक्रिया तय कर दी है। जारी आदेश के मुताबिक प्रदेश के विभिन्न जिलों, विशेषकर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी शालाओं का एकीकरण कर उन्हें एकीकृत स्वरूप में संचालित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में 10 से कम दर्ज संख्या वाली शालाएं और शहरी क्षेत्रों में 30 से कम दर्ज संख्या वाली शालाएं निकटवर्ती विद्यालयों में विलय किया गया है।इसके साथ ही अतिशेष शिक्षकों को शिक्षक-विहीन एवं एकल-शिक्षकीय विद्यालयों में समायोजित किया गया है।

### विद्यार्थियों के लिए आधार, अब स्कूल के द्वार अभियान शुरु

**अनूपपुर।** प्रदेश में स्कूल के विद्यार्थियों के आधार कार्ड स्कूल में ही तैयार करने और अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) को सुगम बनाने के लिए विद्यार्थियों के लिए आधार, अब स्कूल के द्वार अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में अब सभी सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों को पोर्टल पर अपने विद्यार्थियों के लंबित बायोमेट्रिक अपडेट की जानकारी उपलब्ध होगी। विद्यार्थियों के एमबीयू को और सुगम बनाने के लिए यूआईडीएआई और भारत सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की तकनीकी टीमों ने पोर्टल के माध्यम से यह नया समाधान लागू किया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करना है।

### महिलाओं को मिला पोषण व स्वास्थ्य का मंत्र

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) महिला एवं बाल विकास विभाग एमसीबी द्वारा भारत सरकार की योजनांतर्गत संकल्प एचईडब्लू के तहत महिला केन्द्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान 2 से 12 सितंबर तक संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के मार्गदर्शन में तथा जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को मजबूत बनाना है। इसी श्रृंखला में परियोजना साजा में पोषण एवं स्वास्थ्य विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें पोषण के पांच सूत्र, संतुलित थाली का महत्व, टीकाकरण एवं संस्थागत प्रसव की अनिवार्यता तथा एनीमिया की रोकथाम जैसे विषय शामिल रहे। इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर क्राइम से बचाव, बाल विवाह रोकथाम, लैंगिक हिंसा के विरुद्ध जागरूकता, सखी वन स्टॉप सेंटर की भूमिका और टोल फ्री नंबर 1098 व 181 की जानकारी भी विस्तार से प्रदान की गई।

## निधन

### शिव नरेश मिश्रा

**मनेन्द्रगढ़।** क्षेत्र के मौहारपारा निवासी सेना से सेवानिवृत्त शिव नरेश मिश्रा (पुत्र स्व. सोमदत्त मिश्रा) का निधन 12 सितंबर की शाम 6:15 बजे उनके निवास स्थान पर हो गया। वे 88 वर्ष के थे।



स्व. मिश्रा भारतीय सेना में सेवाकाल के दौरान 1962 के भारत-चीन युद्ध एवं 1971 के भारत-पाक युद्ध में शामिल होकर देश सेवा में अपना योगदान दिए थे, उनके निधन से नगर सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। निधन की सूचना मिलते ही सैनिक कल्याण बोर्ड कोरिया के अधिकारियों ने उनके पार्थिव शरीर पर तिरंगा ओढ़ाकर व पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## मनसुख में रजत जयंती महोत्सव का समापन समारोह

# छग तेजी से प्रगति कर विकसित राज्य बन रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



छग राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत रजत जयंती तक का सफर कार्यक्रम का समापन ग्राम पंचायत मनसुख में किया गया। इस आयोजन का संचालन शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मनसुख के सुखदेव पैकरा उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि सरपंच प्रतिनिधि राजू सिंह, उप सरपंच प्रतिनिधि बबलू सहित अरविन्द कुमार, जमुना प्रसाद और विजेन्द्र लाल सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में ग्राम मनसुख में जनचेतना रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत भवन से हरीझंडी दिखाकर रैली की शुरूआत हुई। छग का 25 साल, बेमिसाल-बेमिसाल और छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया जैसे नारों के साथ-साथ स्वच्छता, शिक्षा, नशामुक्ति, बालिका शिक्षा और एड्स जागरूकता से संबंधित संदेश दिए गए। चौराहों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को विकास योजनाओं, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस रैली में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनसुख के एनएसएस स्वयंसेवक कार्यक्रम अधिकारी हरिकांत अग्निहोत्री के नेतृत्व में शामिल हुए। द्वितीय चरण में ग्राम पंचायत भवन में समापन समारोह हुआ। अतिथियों ने छग महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद सामूहिक रूप से राजगीत का गायन किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने सभी अतिथियों का तिलक और बैज लगाकर स्वागत किया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में संजना और दिव्या ने युगल नृत्य, जबकि अपर्णा सिंह, तनीषा, सुशील यादव और लवकुश ने करमा समूह नृत्य की प्रस्तुति दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. हिमधर ने कहा कि छग सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक और प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न राज्य है। यदि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, ऊर्जा और आधारभूत ढांचे में सतत सुधार हो तो छग तेजी से प्रगति कर विकसित राज्य बन सकता है। विकास योजनाएं समावेशी और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित हों तो आने वाले वर्षों में यह राज्य और भी समृद्ध होगा। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती जयश्री प्रजापति, सह-संयोजक अनुरंजन कुजूर ,समिति सदस्य डॉ. अर्चना पांडेय, डॉ. सुनीता सिंह, पुष्पराज सिंह, डॉ. संदीप सिंह, इम्तियाज अली, डॉ. कुलदीप ओझा, डॉ. रामयश पाल, कु. आंशी पाटले, श्रीमती सपना जायसवाल, योगेश्वर साय ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुलदीप ओझा तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती जयश्री प्रजापति द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में कार्यालयीन स्टाफ राजकुमार राजवाड़े, एनएसएस स्वयंसेवक शशि पोर्ते, तौफिक खान, कृष्णा राजवाड़े, निखिल साहू, धनेश्वर, लवकुश, नीलम चौधरी, अपर्णा सिंह, नीरज, सुप्रिया, ललिता, पूनम राजवाड़े, रीता सहित अन्य की सक्रिय भूमिका रही।

### रजत जयंती महोत्सव पर राज्य स्तरीय संगोष्ठी



मनेन्द्रगढ़। नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में छग राज्य की रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय संगोष्ठी और दीक्षारंभ कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ, जिसका विषय कल, आज और कल रखा गया। समारोह का शुभारंभ भारत माता, मां सरस्वती और छग महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ, इसके बाद छात्राओं ने छग महतारी की आरती कर पूरे वातावरण को परंपरा, संस्कृति और गौरव से भर दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार गिरीश पंकज, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकिंकर पाण्डेय, विशिष्ट जनप्रतिनिधि और अतिथि उपस्थित रहे, जिनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। नव प्रवेशी छात्राओं का पारंपरिक चंदन तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया, जिससे उनकी नई शैक्षणिक यात्रा का विशेष महत्व प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन संयोजक एवं इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. वर्षा तिवारी ने कुशलतापूर्वक किया। प्राचार्य डॉ. पाण्डेय ने कहा कि बेटियों की शिक्षा ही समाज की असली ताकत है और कल्पना चावला जैसी विभूतियां इसका प्रेरक उदाहरण हैं। उन्होंने महाविद्यालय की प्रगति का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 2023 में लेदरी से मात्र 9 छात्राओं के साथ प्रारंभ हुआ। यह संस्थान आज तीसरे वर्ष में प्रवेश कर 52 छात्राओं को शिक्षा प्रदान कर रहा है और अमली गोलाई में इसके लिए भव्य कैंपस के लिए भूमि आवंटित हो चुकी है। संगोष्ठी के प्रमुख वक्ताओं में जन भागीदारी अध्यक्ष श्रीमती नीलू जायसवाल ने कहा कि आने वाला कल संघर्ष और परंपरा की धरोहर है, आज उपलब्धियों का प्रतीक है और भविष्य हमारी जिम्मेदारी है, वहीं नपा उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा ने शिक्षा को समाज और राष्ट की दिशा बदलने वाली शक्ति बताया तथा राज्य सरकार के विजन 2027 का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प ही छात्राओं का भविष्य उज्जवल करेगा। डॉ.रश्मि सोनकर ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि छग केवल धान का कटोरा ही नहीं बल्कि शिक्षा और संस्कृति और खनिजों की धनी भूमि है और आज छात्राओं को आत्मनिर्भरता तथा आधुनिकता के साथ समाज में अपनी पहचान बनानी होगी। इसी अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर साहित्य जगत से सतीश उपाध्याय और व्यंग्यकार-साहित्यकार जगदीश पाठक की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही शिक्षा क्षेत्र से सहायक प्राध्यापक (भौतिक शास्त्र) सुनील गुप्ता, सभाजीत यादव, रंजीत पटेल, गौरव गुप्ता, दिलीप जायसवाल, महेन्द्रपाल सिंह, रोहित वर्मा, आलोक जायसवाल, व्रिजेश अग्रवाल, सुनील सोनकर, माया सोनकर, ओमप्रकाश जायसवाल, मुन्नालाल जायसवाल, सुशीला सिंह, सपन महतो और सुनैना विश्वकर्मा सहित महाविद्यालय की सभी छात्राएं और शिक्षकगण काफी संख्या में मौजूद रहे।

## नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने नेत्रहीन विद्यालय का किया शैक्षणिक भ्रमण



**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर के बीएससी नर्सिंग सप्तम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने शिक्षिका श्रीमती सुप्रिया तिवारी (ऐसोसिएट प्रोफेसर) एवं श्रीमती कौशिल्या कोर्चे (असिस्टेंट प्रोफेसर) के साथ नेत्रहीन शिक्षण-प्रशिक्षण विद्यालय आमाखेरवा मनेन्द्रगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने अध्ययन से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार चहोकर के द्वारा पूरे विद्यालय का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने देखा की नेत्रहीन बच्चों के द्वारा ब्रेल लिपि के माध्यम से अध्ययन कैसे करते हैं। साथ ही साथ गणित की शिक्षा टेलर फार्म के द्वारा कैसे होती है इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। कक्षा 8 वीं के बाद नेत्रहीन विद्यार्थियों को संगीत की भी शिक्षा दी जाती है। साथ ही प्राचार्य के द्वारा बताया गया की नेत्रहीन बच्चों के द्वारा एंड्रॉएड फोन का उपयोग जॉर्ज एंड्रॉएड ऐप के माध्यम से किया जाता है, जिससे संबंधित नेत्रहीन शिक्षण-प्रशिक्षण विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने नेत्रहीन बालकों को स्वास्थ्य शिक्षा दी गई एवं स्वास्थ्य जांच अंतर्गत रक्तचाप, वजन, लंबाई जांच किया गया।

बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने नेत्रहीन बच्चों के साथ मिलकर गाना गाया, साथ ही नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने देखा की नेत्रहीन बच्चों में विभिन्न प्रकार की कलाएं होती है जैसे-मुंह से अनेक प्रकार के जानवरों के आवाज निकालना इत्यादि। नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा शारीरिक शिक्षा के रूप में साफ-सफाई से संबंधित नेत्रहीन बच्चों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम उपरांत नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा नेत्रहीन बच्चों को खाद्य सामाग्री का वितरण किया गया।

## खड़गवां में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन



खड़गवां। शनिवार को खड़गवां मंडल अध्यक्ष धर्मपाल सिंह श्याम के नेतृत्व में सामुदायिक भवन खड़गवां में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष, पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती चंपा देवी पावले उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना के साथ की गई। मंच पर जिलाध्यक्ष श्रीमती पावले के साथ कार्यक्रम प्रभारी राजकुमार बधावन, द्वारका जायसवाल, परमानंद जायसवाल, रामलखन सिंह, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष मुकेश जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष रामलाल साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष सोनवती उरे, जनपद अध्यक्ष श्याम बाई मरकाम, जनपद उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह करियाम, प्रेम नारायण सिंह, महामंत्री रमेश जायसवाल एवं पवन सिंह नेटी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामप्रताप, पीतांबर साहू, राजेन्द्र साहू, आशीष गुप्ता, कैलाश देवांगन, राकेश यादव, हरबंश साहू, सतेन्द्र साहू, मनोज साहू, अशोक खरे, राजकुमार जायसवाल, शोभनाथ साहू, रामनारायण पूरी, अब्दुल, प्रमोद साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष जया मरावी, उपाध्यक्ष जयकुंवर, शालू यादव, आराधना यादव, सुषमा दीवान, सरपंच गिधमुड़ी सरोज सिंह सहित सभी बूथ अध्यक्ष व शक्ति केन्द्र प्रभारी भी शामिल हुए। सभी वक्ताओं ने अपने-अपने उद्बोधन में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की रूपरेखा व महत्व पर प्रकाश डाला।

## कुड़ेली में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर



बैकुण्ठपुर। राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में घर-घर हर घर आयुर्वेद शिविर रजत जयंती कार्यक्रम अंतर्गत 13 सितंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुड़ेली में आयुष विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। खानपान की आदतों, संक्रामक बीमारियों से बचाव तथा शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए आयुर्वेदिक उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथलेश विश्वकर्मा, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. खिलेंद्र प्रताप सिंह, आयुष चिकित्सक डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. अंजली तथा योग चिकित्सक डॉ. रमाकांत कुर्रे ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद के महत्व एवं इसके उपयोगिता की जानकारी साझा की। विद्यालय प्राचार्य श्रीमती अमिता त्रिवेदी ने भी अपने उद्बोधन में छात्रों को आयुर्वेद अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ, वरिष्ठ व्याख्याता एसएन कंवर, श्रीमती कमला इक्का, बृजेश साहू, उमेश साहू तथा कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिला सशक्तिकरण अभियान का समापन




**खड़गवां।** जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना संकल्प ए के अंतर्गत महिला केन्द्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान और अंतरराष्टीय साक्षरता सप्ताह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

यह अभियान 2 से 12 सितंबर तक जिले के विभिन्न ग्रामों और विद्यालयों में संचालित हुआ, जिसने महिलाओं और बालिकाओं को न केवल उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया। इस अभियान को जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के आदेशानुसार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के मार्गदर्शन में तथा जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान के अंतिम दिन खड़गवां परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरदर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं और विद्यालय की छात्राएं शामिल हुईं। इसके पश्चात महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के माध्यम से कन्या भ्रूण हत्या पर रोक और बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने की बात की गई। महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्डलाइन 1098 जैसी हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा गया कि इन नंबरों पर कभी भी संकट की घड़ी में सहायता प्राप्त की जा सकती है।

## नाबालिग विद्यार्थियों के लिए यातायात जागरूकता अभियान



मनेन्द्रगढ़। पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह के निर्देशानुसार जिले में नाबालिग विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय आने-जाने के लिए दोपहिया वाहनों के उपयोग पर रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 12 सितंबर को एसडीएम कार्यालय के सभा भवन में उप पुलिस अधीक्षक हेडक्वार्टर तथा प्रधान आरक्षक शारदादीन मिश्रा और मिथिलेश यादव ने जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोपाल कृष्ण दुबे और जिले के 40 प्राचार्यों की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर स्पष्ट संदेश दिया गया कि नाबालिग विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने के लिए दोपहिया वाहन का उपयोग बिल्कुल नहीं करना चाहिए। अभियान को आगे बढ़ाते हुए 13 सितंबर को आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में उप पुलिस अधीक्षक डीएसपी हेडक्वार्टर एवं प्रधान आरक्षक शारदादीन मिश्रा, मिथिलेश यादव द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे, प्राचार्य रामआसरे शर्मा, शिक्षकगण, 100 विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की उपस्थिति में यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

## सोलर पैनल का कमाल बिजली बिल हुई शून्य

**मनेन्द्रगढ़।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने आमजन के जीवन में ऊर्जा क्रांति ला दी है। इस योजना के तहत सोलर पैनल लगाकर नागरिक न केवल अपने घर का बिजली बिल शून्य कर रहे हैं, बल्कि अतिरिक्त ऊर्जा ग्रिड में जमा कर आय का स्त्रोत भी बना रहे हैं। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ निवासी व्यंकटेश अग्रवाल ने इस योजना का लाभ उठाकर पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। व्यंकटेश अग्रवाल ने जुलाई 2025 में अपने घर की छत पर 3 किलोवॉट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कराया। इस पर कुल 2 लाख 10 हजार रूपए की लागत आई, इसमें शासन की ओर से उन्हें 78 हजार रूपए का अनुदान मिला। पहले उनका हर महीने का बिजली बिल 2000 से 3000 रूपए तक आता था, जबकि गर्मियों में यह खर्च बढ़कर 5000 रूपए से भी ऊपर चला जाता था, लेकिन सोलर पैनल लगने के बाद जुलाई से उनका बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है। व्यंकटेश अग्रवाल की छत पर लगे सोलर पैनल से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली सीधे ग्रिड में जमा हो रही है, इससे न केवल भविष्य में इस ऊर्जा का उपयोग संभव होगा, बल्कि आय प्राप्त करने का भी रास्ता खुलेगा। प्रदेश सरकार ने इस योजना को और आकर्षक बनाते हुए सोलर पैनल लगाने पर 15 से 30 हजार रूपए तक का अतिरिक्त अनुदान देने की घोषणा की है।

## चरचा आरओ में रविवार ड्यूटी की मनमानी, श्रमिक आक्रोशित



चरचा कॉलरी। एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा माइन आरओ में रविवार ड्यूटी शेड्यूल को लेकर प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ श्रमिकों में आक्रोश फैल गया है। कामगारों का आरोप है कि ड्यूटी लिस्ट आवश्यकतानुसार नहीं, बल्कि प्रबंधन की सुविधा और मनमर्जी से तैयार की जा रही है। इनका कहना है कि जहां वास्तव में श्रमिकों की सबसे अधिक जरूरत होती है, वहां ड्यूटी नहीं लगाई जाती, जबकि कई अंडर मैनेजर बिना आवश्यकता के अलग-अलग स्थानों पर तैनात कर दिए जाते हैं, इससे न केवल कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है, बल्कि श्रमिकों की कठिनाइयां भी बढ़ रही हैं। वहीं वरिष्ठ अधिकारी खदान के भीतर जाकर अंडर ग्राउंड कार्य का निरीक्षण करने की बजाय केवल दफ्तर प्रबंधन तक सीमित रहते हैं, जिससे वास्तविक समस्याएं अनदेखी बनी रहती हैं। श्रमिकों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते संगठन नेता अपने कर्तव्य का निर्वहन कर श्रमिक हित में ठोस कदम नहीं उठाते हैं, तो कामगार सड़क पर उतरकर संघर्ष करने को मजबूर होंगे। उन्होंने साफ कहा है कि अब नेताओं को सबक सिखाने की बारी आ चुकी है,

## असामाजिक तत्वों ने मचाया उत्पात, शिवलिंग तोड़ा



**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र के शाखा परिसर स्थित शिव मंदिर में बीते दिन कुछ असामाजिक तत्वों ने उत्पात मचाया। मंदिर के अंदर स्थापित शिवलिंग को तोड़कर अलग कर दिया गया तथा अंदर-बाहर भारी नुकसान पहुंचाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना पूरी तरह से योजनाबद्ध तरीके से धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने के इरादे से की गई है। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है तथा दोषियों की पहचान कर उन्हें सख्त सजा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। पूर्व पार्षद तेज नारायण सिंह ने कहा कि यह हमारी आस्था पर सीधा प्रहार है। हम दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने की मांग करते हैं।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मदरिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मदरिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

## सर्पदंश से गंभीर महिला की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** फसल देखने जा रही महिला को रास्ते में जहरीले सांप ने काट लिया। महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम तुरियाडांड़ निवासी बदिया यादव पति जमुना यादव 3 सितंबर को खेत में लगी फसल को देखने जा रही थी। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसके पैर में काट लिया। सांप के काट लेने पर महिला ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### गिरने से गंभीर राजमिस्त्री की गई जान

अम्बिकापुर। निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा राजमिस्त्री नीचे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए राजमिस्त्री की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम लक्ष्मणगढ़ निवासी राजमिस्त्री समुन्द्र साय आ. घासी मझवार (41 वर्ष) गांव में निर्माणाधीन मकान में प्लास्टर कर रहा था। इसी दौरान नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। राजमिस्त्री को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### खुले में मांस-मछली बिक्री पर आक्रोश

**मनेन्द्रगढ़।** नगर पालिका क्षेत्र में खुलेआम मांस और मछली की बिक्री से नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। शहर के रेलवे फाटक, खेड़िया तिराहा, आमाखेरवा सहित कई स्थानों पर दिनभर खुले में मांस बिकने से ना सिर्फ गंदगी फैल रही है, बल्कि धार्मिक आस्था भी आहत हो रही है। समाजसेवी अशोक गुप्ता ने इस गंभीर समस्या पर जिला प्रशासन को लिखित शिकायत सौंपी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि कुछ दिनों में नवरात्रि का पावन पर्व शुरू होने वाला है और ऐसे समय में यह स्थिति लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचा सकती है।



स्वामी जी-93406-38884


By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
26 अक्टूबर 2025
08 नवंबर 2025
07 दिसंबर 2025
21 दिसंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411